क्रियासंगत एवकार का उदाहरण है—'चैत्रो हसत्येव' इत्यादि। इस स्थल में स्वातिरिक्त हास से अतिरिक्त जो बुद्धिस्थ क्रिया रोदनादि उसका अनाश्रय जो स्व (हसधातु) समभिव्याहृत पदार्थ चैत्र, तत्प्रकारक ज्ञानरूप अवधारण, एवशब्द का अर्थ चैत्रभिन्नकर्तृका अवधारणविशेष्यभूता हास क्रिया है। इसीलिए 'न रोदिति' नहीं रोता है, ऐसा फलित अर्थ होता है— अत्यन्तायोगव्यवच्छेद अर्थ फलित है। 'नीलं सरोजं भवत्येव' इत्यादि स्थल में भी क्रियासंगत एवकार है, यहाँ नीलभवनादि के अभाव का अनधिकरण जो समभिव्याहृत पदार्थ सरोज, तत्कर्तृक अवधारणरूप ज्ञानविशेषभूता नीलभवनक्रिया, ऐसा बोध होता है। 'न भवतीति न' अर्थात् सरोज नील नहीं होता, ऐसा नहीं है, अपितु होता ही है। क्रिया के अत्यन्त अयोग का व्यवच्छेद अर्थ फलित हुआ।

'ज्ञानमर्थं गृह्णात्येव' ज्ञान अर्थ का ग्रहण करता ही है। इस स्थल में अवच्छेदकावच्छेदेन अर्थग्रहणादि के अभाव का अनधिकरण जो ज्ञानादि, वह है प्रकार जिसमें ऐसा जो ज्ञान तद्रूप अवधारण अर्थ लिया जायेगा।

अवच्छेदकाऽवच्छेदेन शब्द का तात्पर्य है अर्थग्रहणाद्यभाव का अनधिकरण सकल ज्ञान, तत्प्रकारक ज्ञानरूप अवधारण। जैसे पर्वत में अवच्छेदकावच्छेदेन वह्नि की सिद्धि

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

करनी है, उसका तात्पर्य है पर्वतत्वाऽवच्छेदेन अर्थात् पर्वतत्वादि का अवच्छेद (वैशिष्ट्य) रहना चाहिए, सकल पर्वत में पर्वतत्वधर्म (अवच्छेदक) है, वहाँ सर्वत्र वह्नि की साध्यता अपेक्षित है। ऐसे ही प्रकृत में भी ज्ञानत्वावच्छेदेन अर्थग्रहण या तदभाव की अनधिकरणता अपेक्षित है, अर्थात् ज्ञानत्व धर्म सकल ज्ञान में है, उसी प्रकार अर्थ का ग्रहण भी सकल ज्ञान में होता है।

'न गृह्णाति इति न' ज्ञान अर्थ का ग्रहण नहीं करता है, ऐसा नहीं, करता ही है, ऐसा प्रतिनिर्देश निर्णीत है। इसलिए ज्ञानकर्तृक अर्थकर्मक अवधारण का विषय ग्रहण, ऐसा बोध होता है—अर्थग्रहण क्रिया के अत्यन्तायोग अवच्छेदरूप एवशब्दार्थ ध्वनित हुआ।

'शीत एव स्पर्शो जले' इत्यादि स्थल में 'शीताऽन्यस्पर्शानधिकरण-समभिव्याहृतपदार्थप्रकारकज्ञानरूपम् अवधारणम्', अर्थात् शीत से भिन्न स्पर्श का अनाश्रय शीतसमभिव्याहृत पदार्थ जल, तत्प्रकारकज्ञान अवधारण है। इसलिए 'जलाधिकरणक अवधारणविषय शीतस्पर्श ऐसा बोध हुआ। अन्य स्पर्श जल में नहीं, ऐसा फलितार्थ हुआ। अयोगव्यवच्छेदरूप एवशब्दार्थ हुआ। विधेय संगत एवकार है। 'चैत्रेणैवायं दृश्यते' इत्यादि स्थल में चैत्राऽन्याकर्तृकफलकारकविशिष्टदर्शनादिक्रियाविशेष्यकबोधरूपं तत् (अवधारणमित्यर्थः) अर्थात् चैत्र से अन्य कर्ता नहीं है जिसमें, ऐसी जो सकल कारक-विशिष्ट दर्शन क्रिया, तद्विशेष्यक बोधरूप अवधारण है। 'अवधारण विषय चैत्रकर्तृक एतत्कर्मक दर्शन' ऐसा बोध सम्पन्न हुआ। चैत्र से अन्य किसी से यह देखा नहीं जाता। चैत्र से अन्य में दर्शनकर्तृत्व के योग का व्यवच्छेद यहाँ भासमान है, अतः अन्ययोगव्यवच्छेद अर्थ फलित हुआ, उद्देश्यसंगत एवकार है।

'घटत्वं पृथिवीवृत्त्येव' इत्यादि स्थल में पृथिव्यन्यावृत्तित्ववद् घटत्वविशेष्यकज्ञानरूपम् (अवधारणम्) अर्थात् पृथिवी से अन्य में अवर्तमान जो घटत्व, तद्विशेष्यक जो ज्ञान तद्रूप अवधारण इस स्थल में है। पृथिवी से अन्य में अवृत्ति ऐसा बोध प्रतिफलित है। अवधारण विषय पृथिवी वृत्तित्ववद् घटत्व, ऐसा बोध होता है। अयोगव्यवच्छेद फलित है। घटत्व को उद्देश्य करके पृथिवीवृत्तित्व विधेय है, उस विधेय के अयोग का व्यवच्छेद घटत्व में है। यहाँ एवकार विधेयरूप विशेषण संगत है।

'ऋतौ स्वभार्यामुपेयात्' इत्यादि स्थल में 'स्वाभावानाश्रयकारकप्रकारकज्ञानरूपं तत्' अर्थात् स्वपद का अर्थ गमन, उसके अभाव का अनाश्रयरूप से गृहीत जो कर्तृकारक, वह है प्रकार जिसमें ऐसा जो ज्ञान तद्रूप अवधारण इस स्थल में है। उस ज्ञान में विशेष्यरूप में गमन क्रिया है। 'नोपेयादिति न' इस प्रतिनिर्देश से उक्त अर्थ की पुष्टि हो जाती है। अतः ऋतुकालाधिकरणक, स्वभार्याकर्मक (स्वकर्तृक), अवधारणविषयीभूता गमनक्रिया प्रेरणा का विषय है, ऐसा बोध हुआ। इसलिए उपगमन में प्रत्यवायाभावरूप इष्टसाधनत्व का लाभ हुआ।

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

इष्ट के प्रत्यवायाभावरूपता में प्रमाण प्रस्तुत कर रहे हैं—

ऋतुस्नातां तु यो भार्यां सन्निधौ नोपगच्छति।

घोरायां भ्रूणहत्यायां पच्यते.............।।

इत्यादि वचन की एकवाक्यता से समझना चाहिए कि ऋतुशब्द से रजोदर्शनावधिक षोडशदिवसात्मक कालविशेष गृहीत होता है, उसमें स्नान की हुई भार्या के पास जो पुरुष (पतिरूप) नहीं जाता, वह घोर भ्रूण-हत्या का भागी होता है। इसलिए सिद्ध हुआ कि ऋतुकाल में स्वभार्याकर्मक गमन का अभाव प्रत्यवाय का साधन है, ऐसा प्रतीत होता है।

भिन्न-भिन्न सकल अवधारणों में जो अवधारणत्व धर्म है, वह अखण्डोपाधिरूप है, उसी रूप से एवपद की शक्ति तथा तज्जन्य बोध माना जाता है। जैसे हरिपद की वानर अर्थ में शक्ति वानरत्व रूप से है, तथा उसी रूप से बोध भी होता है। यही शक्यताऽवच्छेदक धर्म तथा प्रवृत्तिनिमित्त धर्म भी कहा जाता है।

'पञ्च पञ्चनखा भक्ष्याः' इत्यादि स्थल में एवशब्द के अभाव में भी तदर्थ का भाव होता है, वह विषय बता रहे हैं—इस स्थल में पञ्च पद का अवधारण विषय जो बुद्धिस्थ पदार्थ तद्वृत्ति जो पञ्चत्वसंख्या तद्वान् में पञ्च पद की लक्षणा करनी चाहिए। यहाँ पर अवधारण का स्वरूप— पंचत्व संख्या से अतिरिक्त जो संख्या षट्त्व-सप्तत्वादि, तदधिकरण षट्-सप्त, तत्सम्बन्धी जो पञ्च पञ्चनख के समभिव्याहृत पद का अर्थ भक्ष्यरूप, तत्प्रकारक ज्ञानरूप है।

इसलिए पाँच से भिन्न जो पञ्चनख प्राणी हैं, वे अभक्ष्य अर्थात् भक्ष्य नहीं हैं, ऐसा अर्थ फलित हुआ। एवशब्द का कहीं प्रयोग रहता है, कहीं प्रयोग न रहने पर लक्षणा की जाती है, अवधारण अर्थ के लाभ के लिए। उसका फल हुआ कि प्रापकप्रमाण जो राग उससे बोधित जो भक्षण उसका, पञ्चसंख्याक जो पञ्चनख तदतिरिक्त जो पञ्चनख प्राणी उनमें विषयत्व का अभाव अर्थात् वे भक्षण के विषय नहीं हैं, ऐसी कल्पना से इष्टसिद्धि समझनी चाहिए।

"शशकः शल्लकी गोधा खड्गी कूर्मश्च पञ्चमः"।

यह शशक-शल्लकी प्रभृति प्राणी पञ्चनख वाले हैं, इनकी संख्या पाँच है। इनसे अन्य भी पञ्चनख हैं, उनके भक्षण का निषेध फलित होता है। क्योंकि 'पञ्चनखा भक्ष्याश्चेत्तर्हि पञ्चैव' ऐसा नियम होने से इन पाँचों से भिन्न पञ्चनख का भक्षण निषिद्ध हो गया। उद्देश्यसंगत एवकार का अर्थ हुआ- अन्ययोगव्यवच्छेद, अर्थात् पाँच से अन्य में जो भक्ष्यत्व का योग, उसका व्यवच्छेद, अर्थात् पाँच से अन्य जो पञ्चनख वे अभक्ष्य हैं।।४३।।

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

यत्तु एवकारार्थोऽन्ययोगव्यवच्छेदः। 'पृथिव्यामेव गन्धः' इत्यादौ पृथिव्यामित्यस्य एवकारार्थेऽन्यत्वे गन्धे चान्वयः। पृथिव्यन्यावृत्तिः पृथिवीवृत्तिर्गन्ध इत्यादिक्रमे बोधः। विभक्त्यर्थरहितस्यापि पृथिवीपदार्थादिरन्वयो व्युत्पत्तिवैचित्र्यादिति।

तन्न। अनेकव्युत्पत्तिवैचित्र्यकल्पनाया अन्याय्यत्वात्। तादृशेऽर्थे विभक्तेः साधुत्वमात्रार्थिकायाः शास्त्रेणानन्वाख्यानाच्च। विभक्तिं विना तन्त्रेणोच्चारणासम्भवाच्च। पृथिवीवृत्तित्वस्य मानान्तरेण लाभाच्च।

अत एव एवकारसमभिव्याहृते न विधेयतायां तात्पर्यं किन्त्वार्थ्यामन्यनिवृत्तावेवेति तान्त्रिकाः।

एवञ्च एवकारसमभिव्याहारेऽपि आर्थ्येव परिसंख्या, सा चोपात्तातिरिक्ते समभिव्याहृतपदार्थाभावप्रत्ययरूपा। यथा 'पार्थ एव धनुर्धरः' इत्यादौ 'नान्यो धनुर्धरः' इति। स च नैवकारघटितवाक्यार्थः, किन्तु आर्थ एव। उक्तरीतेः।

शाब्दी तु 'त्वन्मुखं त्वन्मुखेनैव' इत्यादौ। "पञ्च पञ्चनखा भक्ष्याः" इत्यादावप्युक्तरीत्या आर्थ्येव परिसंख्या। अत एव "युष्मद्युपपदे" इत्यादौ "नियमार्थोऽयमारम्भः। युष्मदि मध्यम एव युष्मद्येव मध्यमः" इति चेति भाष्ये उक्तम्। तेन हि नियमशास्त्राणामेवकाराभावेऽपि तदर्थान्तर्भावेण बोधकत्वं सूचितम्।

यत्तु पञ्चपदस्य पञ्चातिरिक्ते लक्षणा भक्ष्यपदस्य भक्ष्यत्वाभाववति, तेन पञ्चातिरिक्ता भक्ष्यत्वाभाववन्त इति बोध इति। तन्न। पदद्वये लक्षणापेक्षया उक्तप्रकारस्यैव न्याय्यत्वात्।

किञ्चैवं शास्त्रप्राप्तस्य शास्त्रीयनियमे विकल्पवारणाय सामान्यविशेषन्यायेन विधेस्तद्विषयत्वाभावकल्पनमिति गौरवम्।

'किमासेव्यं पुंसां सविधमनवद्यं द्युसरितः' इत्यार्थपरिसङ्ख्योदाहरणमिति प्रकाशादिग्रन्थासङ्गतेश्च। त्वद्रीत्या हि द्युसरित्सविधातिरिक्तमनासेव्यमिति बोधेन तस्याः शाब्दत्वात्। अत एव शाब्दपरिसंख्यायां "किं भूषणं सुदृढमत्र यशो न रत्नम्" इत्युदाहृतम्।

भाष्यकारोऽपि पस्पशायामाह— "किं शब्दापशब्दयोरुभयोरुपदेशः कार्यः, उतान्यतरोपदेशः? अन्यतरोपदेशेन कृतं स्यात्। तद्यथा भक्ष्य-

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

नियमेनाभक्ष्यप्रतिषेधो गम्यते। पञ्च पञ्चनखा भक्ष्या इत्युक्ते गम्यत एतद् अतोऽन्ये न भक्ष्या इति। अभक्ष्यप्रतिषेधेन भक्ष्यनियमः। तद्यथा अभक्ष्यो ग्राम्यकुक्कुट इत्युक्ते गम्यत एतद् आरण्यो भक्ष्य इति। एवमिहापि गौरित्युपदिष्टे गम्यत एतद् गाव्यादयः अपशब्दा इति। गाव्यादिषु चोपदिष्टेषु गम्यत एतद् गौरित्ययं शब्द इति'' इति।

तत्र सुशब्दोपदेशः साधुत्वबोधनद्वारा प्रयोगविध्यर्थः। अपशब्दोपदेशस्तत्प्रतिषेधार्थः। अत्र ''गम्यते'' इत्युक्त्या तस्य तज्जन्यशाब्दबोधाविषयत्वं स्पष्टमेवोक्तम्।

किञ्च लक्षणावादिमते दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोर्महद्वैषम्यम्। नियमेनेत्यस्य चोपदेशेनेत्येवार्थः सन्दर्भबलाद् गम्यते। शब्दान्तरेणानुपदेशाद् अर्थतो लाभाच्च अयं न मुख्य उपदेश इति नियमपदप्रयोगः। ईदृश इतरनिवृत्तिफलक उपदेश एव च नियमपदेनोच्यत इति प्रामाणिकाः।।४४।।

(कुं. टी.) अन्ययोगव्यवच्छेद इति। शङ्खः पाण्डुर एवेत्यत्र पाण्डुरान्ययोगव्यवच्छेद इत्यादि। **रहितस्यापीति।** पृथिव्यन्येत्यत्र सप्तम्यर्थाप्रतीतेः। मानान्तरेण-इतरवृत्तित्व-निषेधद्वारकेण। **परिसंख्यानिवृत्तिः।** स च—अन्ययोगव्यवच्छेदश्च। **नैवकारेति।** एवकारघटित- वाक्यप्रयोगगम्यो नेत्यर्थः। **त्वन्मुखमिति।** अत्र 'नान्येन' इति शब्दप्रयोगात् शाब्दी। **पञ्चेति।** पञ्चनखाः - शल्यकशशश्वाविद्गोधाखड्गकच्छपा भक्ष्या इत्यर्थः। शल्यको वराहविशेषः, यस्य बाणाकाराणि लोमानि। श्वावित् शल्यः, यस्य चर्मणा तनुत्राणं क्रियते। **उक्तप्रकारस्यैवेति।** पञ्चपदस्य लक्षणेत्युक्तस्यैवेत्यर्थः। **किञ्चैवमिति।** शास्त्रस्य साक्षान्निषेधबोधकत्व इत्यर्थः। **शास्त्रप्राप्तस्येति।** ''शेषो घ्यसखि'' इत्यनेन प्राप्ताया घिसंज्ञायाः ''पतिः समासे'' इत्यनेन निषेध इत्यर्थः। **अतिगौरवमिति।** तस्मात् प्राप्ताया एव घिसंज्ञायास्तत्र पुनर्विधानेन अर्थादितरनिवृत्तिः सिद्ध्यतीति भावः। तस्याः परिसङ्ख्यायाः। **अन्यतरोपदेश इति।** पस्पशायां स्पष्टम्। तत्स्वीकरोति— **कृतं स्यादिति।** इष्टं सिद्धं भवेदित्यर्थः। यथा अश्वरशनायां गर्दभरशनायां च मन्त्रपाठः प्राप्तः, अश्वाभिधानीमित्युक्तेर्गर्दभरशनातो निवर्तते तद्वत्। दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोः-भाष्यकारोक्तयोः। सन्दर्भबलमेवाह—**शब्दान्तरेणेति।** नियमस्य विधानसापेक्षत्वादिति भावः। नन्वेवमुपदेशशब्द एंव कुतो न प्रयुक्त इत्यत आह—**अर्थत इति।** इतरनिवृत्तौ सत्यां तस्यैव लाभादिति भावः। ननु इतरनिवृत्त्यभावे कथं भाष्यकृतोक्तं भक्ष्यनियमेनेति, अत आह—**नियमेनेत्यस्य चेति।**।४४।।

(क. टी.) नव्यनैयायिकोक्तिङ्खण्डयति—**यत्त्विति।** सर्वत्रेति शेषः। व्यवच्छेदः — स एव। तेन तदुभयव्यावृत्तिरिति नानेकशक्तिकल्पनं तद्वत्। अन्ययोगश्चान्यसम्बन्धमात्रम्। एवं च नीलं सरोजमित्यादौ आख्यातस्याश्रये लक्षणया नीलभवनवदन्यत्वव्यवच्छेदः।

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

सरोजत्वसामानाधिकरण्येन प्रतीयते, शङ्खः पाण्डुर एवेत्यादौ शङ्खत्वावच्छेदेन पाण्डुरान्यत्वव्यवच्छेदबोधः। पार्थ एवेत्यादौ धनुर्धरत्वावच्छेदेन पार्थान्यत्वव्यवच्छेदबोधः। ऋतप्रवित्यत्र तादृशगमनवदन्यत्वव्यवच्छेदबोधः। पृथिव्यामित्यादौ पृथिव्यन्यवृत्तित्वव्यवच्छेदबोधो गन्धादाविति तदाकूतम्। तदाह— **पृथिव्यामिति। गन्धे चेति।** अत एव पृथिव्यामेवाकाश इति न, तस्यावृत्तित्वात्। यत्पदसमभिव्याहारेण यः सम्बन्धः प्रतीयते, एवं समभिव्याहारेऽपि तस्यैवान्ययोगस्य व्यवच्छेदधीरिति न दोषः।

ननु सप्तम्यर्थविशेषणतयोपस्थितपृथिव्याः कथमेवार्थान्यत्वेऽन्वयः, एकविशेषणत्वेनोपस्थितस्यान्यत्रान्वयस्याव्युत्पन्नत्वादत आह—**विभक्तीति।** एवस्थले तद्व्युत्पत्तिसङ्कोच इति भावः। प्राचीनमते तु नायम् एवस्य द्योतकत्वेन पृथिव्यन्यतादात्म्याभाववतो लक्षणया पृथिवीपदार्थत्वेन सप्तम्याः साधुत्वार्थकत्वेन पृथिव्यन्यतादात्म्याभाववद्वृत्तिर्गन्ध इति बोधेनैवोपपत्तेः। एतदर्थभियाऽस्योल्लेख एवार्थबलादेव। समभिव्याहृतपदार्थतावच्छेदकावच्छेदेन तद्वृत्तित्वस्य बोधान्न पृथिव्यामेव रूपमिति प्रयोगः। पृथिव्यामेवं घटत्वं घटत्वं पृथिवीवृत्त्येवेति तु भवेत्येवोक्तरीत्येति बोध्यम्। प्राचीनमतसाधारणं दोषमाह—**अनेकेति।** तत्र-प्राचीनमते। शीत एवेत्यादौ यथा तत् तथोक्तम्। पार्थ एवेत्यादौ धनुर्धराभिन्नः पार्थान्यतादात्म्याभाववानिति बोधेन नव्यमतोक्तव्युत्पत्तिवैचित्र्यम्। शङ्खे पाण्डुरत्वमेवेत्यादावप्येवं पाण्डुरत्वान्यतादात्म्याभाववच्छङ्खवृत्तीति बोधात्। शङ्खः पाण्डुर एवेत्यादावपि शङ्खत्वावच्छेदेन पाण्डुरतादात्म्याभाववान् शङ्ख इति बोधेन, एवं नीलं सरोजं भवत्येवेत्यादौ तु उक्त एव बोध इति तत् स्फुटमेव। एवमुभयमतेऽपि अन्ययोगव्यवच्छेदादौ अन्यादिषु भिन्नशक्तावधिकगौरवम्, विशिष्टशक्तावप्येवम्। घटादन्य इत्यादाविवैकदेशान्वयो व्युत्पत्तिवैचित्र्यादेकपदजोपस्थितिविषयाणामन्वयोऽपि मिथो व्युत्पत्तिवैचित्र्यादेवेति बोध्यम्। एतेन व्यवच्छेदे शक्तिरन्यत्र लक्षणेत्यपि नव्यनैयायिकोक्तमपास्तम्। साधारणमेव दोषान्तरमाह—**तादृश इति।**

ननु घटान्पश्येत्यादिवदत्र प्रातिपदिकतन्त्रेण निर्वाहोऽत आह—**विभक्तिमिति।** तत्र सहविवक्षाविषयत्वेन तत्सत्त्वेऽप्यत्रासहविवक्षाविषयत्वेन न तथेति भावः। एतेनावृत्तिप्रयुक्तं गौरवमप्यत्र मते सूचितम्। अभ्युपेत्येदम्। वस्तुतोऽफलत्वान्नैव सेत्याह—**पृथिवीति।** गन्ध इत्यादिः। मानान्तरं प्रत्यक्षम्। तथा चावधारणविषयपृथिवीवृत्तित्ववान्गन्ध इत्येवोक्तरीत्या बोधः। अवधारणं च पृथिव्यन्यावृत्तित्वेन गृहीतसमभिव्याहृतगन्धविशेष्यकज्ञानरूपं तत्। एतद्दोषचतुष्टयेन पार्थ एवेत्यादौ पार्थो धनुर्धरः पार्थान्यो न धनुर्धर इत्यादिर्बोध इत्यप्यपास्तम्। अत एव—तत्र तस्य ततो लब्धत्वादेव। उक्तरीत्या शाब्दत्वासम्भवादाह **आर्थ्येवेति।** एवं च-तस्यार्थत्वे च। अपिना तदसमभिव्याहृतपञ्चपञ्चेत्यस्य समुच्चयः। तत्स्वरूपमाह —**सा चेति।** परिसंख्या चेत्यर्थः। तस्यास्तत्त्वमेवोपपादयति—**स चेति।** निषेध इत्यर्थः।

नन्वेवं सिद्धान्ते शाब्द्युच्छेदापत्तिः। परमते तु नायं दोषः, एवञ्च सत्त्वासत्त्वाभ्यां तद्विभागसम्भवादत आह—**शाब्दी त्विति।** इत्यादौ-इत्यादावेव। आदिना किं भूषणमित्यादिः। अपि समुच्चेयमाह—**पञ्चेति। अतिरिक्तेति।** प्राप्तानुवादवैयर्थ्येन तस्य तत्र लक्षणयेत्यर्थः। नन्वेवमभावे तदर्थघटितलक्षणायामेव न मानमिति कथं तथा परिसंख्याऽत आह—**अत एवेति।**

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

प्रायेणात्र शास्त्रे नियमपदेन परिसङ्ख्यैवोच्यत इति भावः। **तदभावेति।** तदभावेऽपि तथार्थाङ्गीकारेणेत्यर्थः। तदेवाह—**तेन हीति।** भाष्यव्याख्यानेनेत्यर्थः। मीमांसकधर्मशास्त्रकारादयस्तु इयं शाब्दी परिसङ्ख्येत्याहुस्तन्मतं खण्डयति—**यत्त्विति।** "युष्मद्युपपदे" इत्यादौ दोषमाह—**किञ्चेति।** यत इति शेषः। एवम्—तद्वत् शाब्दीत्वस्य तत्रार्थापत्तौ। नियमशास्त्रस्य निषेधपरत्वादाह—**शास्त्रीयेति। किमिति।** किमेकान्ते ध्येयं चरणयुगलं कौस्तुभभृतः। किमाराध्यं पुण्यं किमभिलषणीयञ्च करुणा यदासक्त्या चेतो निरवधि विमुक्त्यै प्रभवति।। इति।

एतच्छेषः। **आर्थेति।** प्रश्नपूर्वकेत्यादिः। एवमग्रेऽपि। आदिना प्रदीपादि। **अत एव**—तस्य आर्थत्वादेव। **किम्भूषणमिति।**

किं कार्यमार्यचरितं सुकृतं न दोषः। किं चक्षुरप्रतिहतं धिषणा न नेत्रं जानाति कस्त्वदपरः सदसद्विवेकमिति। एतच्छेषः। **उदाहृतमिति।** प्रकाशकारादिभिरिति भावः। तत्र भाष्यविरोधमपि सूचयन्नाह—**भाष्येति।** कृतम्-इष्टम्। इतीतीत्यत्राहेत्यस्यान्वयः। तत्र—तयोर्मध्ये। **तदिति।** तत्प्रयोगेत्यर्थः। यथा भाष्यतः प्रकृतलाभस्तदाह—**अत्रेति।** भाष्य इत्यर्थः। अयं भावः— शब्दस्य वृत्तित्रयम्, अर्थस्य तु व्यञ्जकत्वमेवेति प्रकाशादौ स्पष्टम्। एवं च यत्र भाष्ये शब्दप्रस्तावस्तत्र शक्यत्वमेवाभिमतम्, इह त्वर्थप्रस्तावाद्व्यञ्जकत्वमेव। एवं च गम्यत इत्येतदभावेऽपि तल्लाभे तदुक्त्या स्पष्टं तत्प्रतीतिः। एतेन विप्रतिषेधसूत्रस्थभाष्यं विरुद्धमित्यपास्तमिति। दोषान्तरमाह—**किञ्चेति। लक्षणेति।** पदद्वयेत्यादिः। एकार्थतोऽर्थान्तरप्रतीतेर्दार्ष्टान्तिकप्रतिपाद्यायास्तथा सति दृष्टान्ततोऽलाभादित्यर्थः। स्वमते साम्यमाह—**नियमेनेति।** दार्ष्टान्तिके तथोक्तेराह—**सन्दर्भेति।** उपदेश आद्योच्चारणमित्याशयेनाह—**शब्दान्तरेणेति।** नन्वेवं तथैव कुतो नोक्तमत आह—**अर्थत इति।** न केवलमत्रैवेत्थं किन्तु तद्विषये सर्वत्रैवेत्याह—**ईदृश इति।** शब्दतोऽप्राप्तिरर्थतः प्राप्तिर्यस्य तद्बोधक इत्यर्थः। लोक इति शेषः।।४४।।

(स. टी.) कतिपय आचार्यों का कथन है कि एवशब्द का अर्थ अन्ययोग है। 'पृथिव्यामेव गन्धः' इत्यादि स्थल में 'पृथिव्याम्' अर्थात् पृथिवीरूप अधिकरण का एवकार के अर्थ अन्यत्व (भेद) में तथा गन्ध में अन्वय होता है। पृथिवी से अन्य में अवृत्ति, पृथिवी में वृत्ति, गन्ध है, इत्यादि क्रम से बोध होता है। एक पदार्थ में विशेषणतया उपस्थित का अन्य पदार्थ में अन्वय अनुचित है। विभक्ति के अर्थ से रहित का भी पृथिव्यन्यावृत्तिघटक पृथिवीपदार्थादि का अन्वय अन्यपदार्थ में व्युत्पत्तिवैचित्र्य से मान लेना चाहिए। एव स्थल में तादृशव्युत्पत्ति का संकोच कर देंगे। इसका खण्डन करते हुए कहते हैं—'तत्र' अर्थात् कथित पक्ष उचित नहीं है, अनेक व्युत्पत्तिवैचित्र्य की कल्पना अनुचित है, वैसे अर्थ में साधुत्वमात्र अर्थ में विभक्ति का अन्वाख्यान शास्त्र में दृष्ट नहीं है। विभक्ति के विना तन्त्र के द्वारा उच्चारण सम्भव नहीं है। पृथिवीवृत्तित्व का इतरवृत्तित्वनिषेधद्वारक प्रमाणान्तर से भी लाभ सम्भव है। अतएव एवकारसमभिव्याहृत में विधेयता में तात्पर्य नहीं रहता, किन्तु आर्थिक अन्यनिवृत्ति में ही तात्पर्य रहता है, ऐसा तान्त्रिकों का मत है।

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

इस प्रकार एवकार समभिव्याहार में भी आर्थी परिसंख्या ही होती है, वह गृहीत से अतिरिक्त में समभिव्याहृत पदार्थाभावरूप है।

जैसे 'पार्थ एव धनुर्धरः' इत्यादि में पार्थ ही धनुर्धर है, अन्य कोई धनुर्धर नहीं है। इसमें समभिव्याहृत पदार्थ धनुर्धरत्व का अभावबोध जिसमें है वह एवकारघटित वाक्यार्थ नहीं है, किन्तु आर्थिक ही है। इसमें अन्यनिवृत्तिविषयक तात्पर्य की रीति प्रमाण है।

शाब्दी परिसंख्या 'त्वन्मुखं त्वन्मुखेनैव तुल्यं नान्येन केनचित्' इत्यादि स्थल में है, यहाँ नान्येन केनचित् शब्द से ही अन्यनिवृत्ति का बोध हो रहा है। 'पञ्च पञ्चनखा भक्ष्याः' इत्यादि स्थल में भी अन्य निवृत्ति में तात्पर्य की स्थिति में आर्थी परिसंख्या ही है। अत एव 'युष्मद्युपपदे' इत्यादि में नियमार्थता कही गयी है। युष्मद् उपपद रहने पर धातु से परे मध्यमपुरुष ही हो। अथ च मध्यमपुरुष हो तो युष्मद् शब्द के उपपद रहने पर ही हो, इस रूप से भाष्यकार ने नियामकता का प्रदर्शन किया है। इसलिए नियम शास्त्रों का एवशब्द के अभाव में भी एवकारार्थ के अन्तर्भाव से बोधकता की सूचना होती है।

किसी आचार्य का मत है कि पञ्च पद की पञ्चातिरिक्त अर्थ में लक्षणा करनी चाहिए, तथा भक्ष्य पद की भक्ष्यत्वाभाववान् में लक्षणा होनी चाहिए, इसलिए पञ्च से अतिरिक्त भक्ष्यत्वाभाववान् होते हैं, ऐसा बोध होता है।

ग्रन्थकार इस मत का खण्डन करते हैं कि यह मत उचित नहीं है, क्योंकि पदद्वय में लक्षणा करनी पड़ रही है, इसकी अपेक्षा पूर्वोक्त प्रकार का ही औचित्य है, क्योंकि पूर्वोक्त पक्ष में केवल पञ्चपद की ही लक्षणा कही गयी है।

किञ्च इस प्रकार शास्त्र से प्राप्त का शास्त्रीय नियम मानने में विकल्प के वारण के लिए सामान्यविशेषन्याय से विधिशस्त्र को तद्विषयत्वाभाव की कल्पना से अतिगौरव होगा।

जैसे 'शेषो घ्यसखि' सूत्र से प्राप्त घि संज्ञा का 'पतिः समास एव' सूत्र से नियमन अर्थात् निषेध प्राप्त हुआ, ऐसी स्थिति में दोनों के प्रामाण्य की रक्षा के लिए विकल्प की आपत्ति आयी। उसके निवारणार्थ विधिशास्त्र 'शेषो घ्यसखि' में निषेधीयविषयता के अभाव की कल्पना में अतिगौरव होगा। अतः 'पतिः समासे' सूत्र से पुनर्विधान आर्थिक इतरनिवृत्ति का सूचक होता है।

'किमासेव्यं पुंसां सविधमनवद्यं द्युसरितः' यह आर्थीपरिसंख्या का उदाहरण है, इस रूप का प्रकाशादि ग्रन्थ असंगत हो जायेगा। क्योंकि तुम्हारी रीति से 'द्युसरित् सविधातिरिक्तमनासेव्यम्' इस बोध से उसका शाब्दी होना उचित प्रतीत होता है। क्योंकि 'द्युसरित् सविध से अतिरिक्त आसेव्य नहीं है' ऐसे बोध को तुम्हारे मत में शाब्दबोध माना है, अतः शाब्दबोध का विषय इतरनिवृत्ति होने से शाब्दी परिसंख्या होनी चाहिए। अतएव शाब्द परिसंख्या का उदाहरण— 'किं भूषणं सुदृढमत्र यशो न रत्नम्' यह दिया गया है। इसमें यश एवं सुदृढ भूषण, 'अन्यद् रत्नादिकं न, न रत्नम्' इस शब्द से ही अन्यव्यावृत्ति होने से यह शाब्दी परिसंख्या है।

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

पस्पशाह्निक भाष्य में भी आर्थी परिसंख्या का स्वरूप इस प्रकार प्रदर्शित है-- किं शब्दापशब्दयोरुभयोरुपदेशः कार्यः, उतान्यतरोपदेशः? अन्यतरोपदेशेन कृतं स्यात्। अर्थात् शब्द तथा अपशब्द दोनों का उपदेश किया जाय, अथवा अन्यतर का? इस प्रश्न पर स्वयं भाष्यकार ने कहा--अन्यतर के उपदेश से 'कृतम् अर्थाद् इष्टं सिद्ध्यति' इष्ट सिद्ध हो जायेगा।

इसी अंश में भगवान् भाष्यकार ने दृष्टान्तरूप में कहा कि जैसे भक्ष्य के नियम से अभक्ष्य का प्रतिषेध गम्यमान होता है। 'पञ्च पञ्चनखा भक्ष्याः', शशक-शल्लकी-गोधा-खड्गी-कूर्म ये पाँच पञ्चनख वाले भक्ष्य हैं, ऐसा कहने से यह गम्यमान होता है कि इनसे अन्य जो पञ्चनख वे भक्ष्य नहीं हैं, इस प्रकार अभक्ष्य के भक्षण का प्रतिषेध करने से भक्ष्य का नियम अवगत हुआ। पुनः द्वितीय दृष्टान्त भी प्रदर्शित करते हैं कि 'अभक्ष्यो ग्राम्यकुक्कुटः' 'ग्राम्य कुक्कुट भक्ष्य नहीं है' ऐसा कहने पर यह गम्यमान होता है कि 'आरण्यो भक्ष्यः' अर्थात् आरण्य कुक्कुट भक्ष्य है।

ऐसे ही यहाँ पर भी 'गौः' ऐसा उपदेश करने पर यह गम्यमान होता है कि 'गावी' आदि अपशब्द हैं। गावी आदि का उपदेश करने पर यह गम्यमान होता है कि 'गौः' यह साधु शब्द है। इस परिस्थिति में सुशब्द अर्थात् साधुशब्द का उपदेश साधुत्वबोधन द्वारा प्रयोगविधि का सम्पादक है। अर्थात् 'इमे शब्दा साधवः, अतः प्रयोक्तव्याः'-- ये शब्द साधु हैं अतः प्रयोग के योग्य हैं। यदि अपशब्द का उपदेश किया जाय, तो उसके प्रयोग का प्रतिषेध प्रयोजन होगा। भाष्यकार के 'गम्यते' इस शब्द से गम्यमान विषय शाब्दबोध का अविषय है, अर्थापत्ति या अनुमान से लभ्य है, यतः इतर निवृत्ति आर्थी है, अतः आर्थी परिसंख्या माननी चाहिए।

किञ्च पञ्चपद तथा भक्ष्यपद की स्वविरोधित्व सम्बन्धरूप लक्षणा करने वालों के मत में 'पञ्च पञ्चनखा भक्ष्याः' इस दृष्टान्त तथा 'किं शब्दापशब्दयोरुभयोपदेशः कार्यः, उतान्यतरोपदेशः'? इस दार्ष्टान्तिक का परस्पर साम्य भङ्ग हो जायेगा, क्योंकि दृष्टान्त वाक्य में आपके मत में लक्षण के द्वारा भक्ष्यत्वाभाव का बोध हो रहा है, इससे शब्दजन्य बोधविषय होने से शाब्दी परिसंख्या होगी, दार्ष्टान्तिक महाभाष्य वाक्य में 'गम्यते' पद से इतरनिवृत्ति का लाभ होने से अर्थतः लाभ हुआ, अतः आर्थी परिसंख्या मानी जायेगी।

हमारे (ग्रन्थकार के) मत में उन दोनों में वैषम्य नहीं है, क्योंकि हमारे मत में दृष्टान्त में 'नियमेन' इस शब्द का सन्दर्भ के बल से 'उपदेशेन' यही अर्थ है। वह सन्दर्भबल क्या है? इस पर कला टीकाकार कहते हैं कि दार्ष्टान्तिक में 'गौरित्युपदिष्टे..... अन्यतरोपदेशेन कृतं स्यात्' इत्यादि में उपदेश पद से ही व्यवहार किया गया है। पाणिन्यादि के आद्योच्चारण को उपदेश कहते हैं। इस आशय से कहते हैं कि यहाँ तादृश शब्दान्तर से इतरनिवृत्ति का उपदेश न होने से तथा इतरनिवृत्ति का आर्थिक लाभ हो जाने से यहाँ मुख्य उपदेश नहीं है, अतः नियम पद का ही प्रयोग किया गया है। इस प्रकार इतरनिवृत्ति की शब्द से अप्राप्ति, आर्थिक प्राप्ति के स्थल में इतरनिवृत्तिफलक उपदेश ही नियमपद से उक्त होता है।।४४।

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

परे तु "इमामगृभ्णन् रशनामृतस्येत्यश्वाभिधानीमादत्ते" इत्यत्र लिङ्गाद्गर्दभरशनायामपि प्राप्तस्य मन्त्रस्यापूर्वविधिद्वारा परिसङ्ख्या। तदुक्तं तन्त्रवार्त्तिके—

अपूर्वविधिरेवायमतो मन्त्रश्च निश्चितः।

परिसंख्याफलेनोक्ता................।।इति।

आलङ्कारिका अपि परिसङ्ख्याप्रकरणे प्रमाणान्तरेण प्राप्तस्यैव वस्तुनः पुनः शब्देन प्रतिपादनं प्रयोजनान्तराभावात् स्वतुल्यान्यव्यवच्छेदं गमयतीति। भागवतेऽपि—

लोके व्यवायामिषमद्यसेवा नित्यास्तु जन्तोर्नहि तत्र चोदना।

व्यवस्थितिस्तेषु विवाहयज्ञसुराग्रहैरासु निवृत्तिरिष्टा ।।इति।

नित्या रागतः प्राप्ताः। जन्तोः प्राणिमात्रस्य। अतस्तत्र चोदना-विधिर्नास्ति।

नन्वेवम् "ऋतौ भार्यामुपेयात्", "हुतशेषं भक्षयेत्", "सौत्रामण्यां सुराग्रहान्गृह्णाति" इत्येतेषां वैयर्थ्यम्। भार्यां विवाहितामित्यर्थः। तत्राह-व्यवस्थितिरिति। तेषु पुनः प्रापणमित्यर्थः। रागतो नित्यप्राप्तत्वाद् नैते नियमविधयः, पाक्षिक्यां हि प्राप्तौ नियमो भवति, किन्तु प्राप्तस्याप्यर्थस्य पुनः प्रापणमनर्थकमित्यपूर्वविधिद्वारा अन्यनिवृत्तिः फलति, तदाह—आसुनिवृत्तिरिति।

भाष्येऽपि नियमपदेनाभ्यनुज्ञा "ऋतुस्नातां तु यो भार्याम्" इति दोषश्रवणं तु मनसि कामे सत्यपि तस्यां द्वेषादिनाऽनुपगमे बोध्यम्।

एवं च "ऋतौ भार्याम्" इत्यस्य ऋतावेव, तत्र भार्यामेव, तत्र तामुपेयादेव, इत्यर्थत्रये तात्पर्यम्।

अत एव गृहस्थस्यानृतौ अनुपगमे ब्रह्मचर्यमुक्तम्। अविवाहितागमने, ऋतौ भार्यागमनाभावे प्रायश्चित्तं प्रोक्तं स्मृतिषु।

तत्र चान्यत्र च प्राप्तौ परिसङ्ख्येति गीयते।

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

इत्यस्य शाब्दी आर्थी चेत्यर्थः।

"इजादेः सनुमः" इति सूत्रे कैयटोऽप्याह-नियमे प्राप्तबाधः सिद्धस्य पुनरुपादानात्, अनुवाददोषश्चेति।

"यस्य हलः" इति सूत्रेऽपि नियमे श्रुतार्थत्यागेनाश्रुताया अन्यनिवृत्तेः सामर्थ्यात्परिकल्पनमुक्तानुवाददोषश्चेति।

"अनुपराभ्यां कृञः" इति सूत्रे भाष्येऽपि "प्रतिषिध्यते तत्र परस्मैपदम्। "स्वरितञितः कर्त्रभिप्राये क्रियाफले" आत्मनेपदं भवति" इत्युक्तम्, तेन हि विधेरेव प्रतिषेध आर्थं फलमिति स्पष्टमेवोक्तम्।

एवकारोऽपि स्वसत्त्वे स्फुटं तदर्थद्योतक एव, न तु तत्समभिव्याहारेऽपि शाब्दबोधे तद्भानम्। तत्समभिव्याहारेण मनसा बुध्यमानत्वमपि द्योतकत्वम्। एवकारासमभिव्याहारेऽपि अनुवादबलादेव तदर्थलाभः। शाब्दपरिसङ्ख्या तु—

"त्वन्मुखं त्वन्मुखेनैव तुल्यं नान्येन केनचित्।

"किम्भूषणं सुदृढमत्र यशो न रत्नम्" इत्यादिष्वेव। "युष्मदि मध्यम एव युष्मद्येव मध्यमः" इति। भाष्येणैवकारसमभिव्याहारासमभिव्याहारयोस्तुल्यार्थत्वमेव सूचितमित्याहुः।

पक्षद्वयेऽपि स्वार्थहानिपरार्थकल्पनाप्राप्तबाधरूपदोषत्रयं तु यथाश्रुते प्रतीयमाने स्वार्थे तात्पर्याभावात्, तात्पर्यतस्त्यागोऽन्यार्थे तात्पर्याङ्गीकारेण तात्पर्यतः परार्थकल्पना प्राप्तबाधश्चेति सूपपादम्।

ननु "व्रीहीनवहन्ति" इत्यादौ पक्षप्राप्तस्य नियमे अवहननेनैव व्रीहीन् संस्कुर्यात्, न नखविदलनादिनेति प्रतीतेस्तत्रापि त्रैदोष्यं प्राप्तमिति परिसङ्ख्यायास्तस्य लघुत्वव्यवहारानुपपत्तिरिति चेत्, न।

पक्षे स्वरसत एव तस्याप्राप्त्या क्लृप्तबाधकल्पनम्। परिसङ्ख्यायां तु नित्यप्राप्तस्याक्लृप्तबाधस्यैव बाधकल्पनमिति ततः परिसङ्ख्याया गुरुत्वात्। क्लृप्तप्राप्तिकस्यैव च प्राप्तिबोधनेनापूर्वविधेरपि नियमस्य

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

लघुत्वम्। अस्मच्छास्त्रे नियमस्तु आत्मनेपदविधायकमध्यमादिविधायके च प्रकृत्युपपदनियमरूपः। तद्विषये हि प्रत्ययानां पाक्षिकी प्राप्तिः।

अत एव ''युष्मदि'' इति सूत्रे उपपदनियमं प्रकृत्य समे देशे यजेतेतिवत् पाक्षिक्यां प्राप्तौ नियम इति कैयटः।

न च तत्सूत्रे भाष्योक्तप्रत्ययनियमानुपपत्तिः प्रत्ययनियमस्य परिसङ्ख्यात्वेन गुरुत्वादिति वाच्यम्।

एतदनपेक्ष्येतरत्फलमस्ति न वेत्येतावन्मात्रेण प्राप्तबाधसत्त्वेन द्वयोः समतामाश्रित्य भाष्ये विचारसत्त्वेनादोषात्।

एवञ्च ''पञ्च पञ्चनखाः'' इत्यादेः, ''पतिः समास एव'' इत्यादेश्च विधिमुखेनैव प्रवृत्तिः। अवधारणविषयत्वबोधात् पुनरनुवादाद्वा सामान्यप्रापकप्रमाणस्य तदतिरिक्ताविषयकत्वरूपः सङ्कोचः। तेन च आर्थस्तत्कार्याभावः। तमादाय नियमशास्त्रस्य निषेधत्वव्यवहारः, नान्यत्रेत्यादिप्रतिनिर्देशश्चेत्यन्यत्र विस्तरः।।४५।।

।।इति धात्वर्थनिपातार्थनिरूपणम्।।

(कुं. टी.) **इमामगृभ्णन्निति।** चितिनिर्माणार्थं गर्दभेनाश्वेन च इष्टका आनीयन्ते तत्र ''इमामगृभ्णन् रशनाम्'' इति लिङ्गाद् गर्दभरशनायामपि मन्त्रः प्राप्तः ''अश्वाभिधानीम्'' इत्यनेन निवर्त्यते। अत एवोक्तम्—

तत्र चान्यत्र च प्राप्तौ परिसंख्येति गीयते। इति।

इमां रशनां दर्भमयीम् ऋतस्य यज्ञस्य प्रारम्भे प्रजापतिप्रभृतयो गृहीतवन्तः सा रशना अस्माकं यज्ञे उत्पन्नेति मन्त्रार्थः।

अपूर्वविधिद्वारा— अश्वरशनाविधिद्वारा। परिसंख्या—इतरनिवृत्तिः। **फलेनेति।** अर्थादित्यर्थः। व्यवायः, स्त्रीसेवा। आमिषं मांसम्। एतेषां प्राप्तिः स्वभावादेव। अतः ऋतौ स्वभार्यामुपेयादित्यादिना इतरनिवृत्तिः प्रत्याय्यते। **आसु इति।** प्रेरणासु इत्यर्थः। **पाक्षिक्यां हीति।** ''व्रीहीनवहन्ति'' इत्यत्र नखविदलनपक्षेऽवघातो न प्राप्त इति पाक्षिकप्राप्तौ अवघातेनैवेति नियमः। **भाष्येऽपीति।** भक्ष्यनियम इत्यस्य भक्ष्याभ्यनुज्ञा इत्यर्थ इति भावः। **अनुपराभ्यामिति।** आत्मगामिनि क्रियाफले परस्मैपदस्य ''स्वरित'' इति निषेधादयं विधिः। आत्मनेपदे विहितेऽर्थात्परस्मैपदनिषेध इति भावः। **विधेरेवेति।** विधानस्य फलमार्थः प्रतिषेध एवेत्यर्थः। सत्त्वे-एवकारसत्त्वे। तद्भानम्-इतरनिवृत्तिभानम्। ननु इतरनिवृत्तेरभाने द्योत्यत्वं कथमत आह—तत्समभिव्याहारे-तत्समभिव्याहारे सति मानसबोधोदयादेव च द्योतकत्वमित्यर्थः।

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

ननु प्रथमकल्पे परे त्वित्यादिकल्पे च परिसंख्याया अर्थलब्धत्वाद्दोषत्रयप्रवादासङ्गतिरत आह—**दोषत्रयं त्विति।** सूपपादमित्यत्रान्वयः। तात्पर्याभावादिति। स्वार्थे तात्पर्यं नास्तीत्येतावतैव स्वार्थत्याग इत्यर्थः। **पक्षे स्वरसत एवेति।** अवघातपक्षे स्वत एव नखविदलनमप्राप्तम्। परिसंख्यायां तु गर्दभरशनायामवश्यं प्राप्तस्यैव बाधः कल्प्यत इति भेदः। अक्लृप्तः बाधो यस्येति बहुव्रीहिः। **प्रत्ययनियमस्येति।** युष्मद्युपपद एव मध्यमः, अनुदात्तङिद्भ्य एवात्मनेपदमित्याकारकस्येत्यर्थः। एतदनपेक्ष्य—गुरुत्वमनपेक्ष्य।।४५।।

।।इति श्रीदुर्बलाचार्यकृतायां कुञ्जिकाटीकायां धात्वर्थनिपातार्थनिर्णयः।।

(क. टी.) स्वोक्तं लक्षणां विनेति लाघवात् सिद्धान्ततत्वमाह—**परे त्विति।** लिङ्गाद्रशनामात्रप्रकाशनसामर्थ्यरूपात्। शब्दान्तरादप्राप्तेराह—**अपूर्वेति।** तल्लक्षणे तथैव विवक्षितमिति भावः। **आदत्ते इति।** लेट्। अनेन मन्त्रेण तामादद्यादित्यर्थः। निश्चितः—निश्चितार्थबोधकः। एवं भट्टसम्मतिमुक्त्वा मम्मटादिसम्मतिमप्याह—**आलङ्कारिका इति।** आहुरिति शेषः। व्यवायः सुन्दरीगमनम्। **मद्यसेवेति।** तथा च तैत्तिरीयब्राह्मणम्—"ब्राह्मणं परिक्रीणीयादुच्छेषणस्य पातारं यदि ब्राह्मणं न विन्देत वल्मीकवपायामवनमयेत् सा तत्र प्रायश्चित्तिः" इति। ब्राह्मणो ह्याहुत्या उच्छेषणस्य पाता। अकरणे प्रत्यवायाभावरूपनित्यत्वाभावादाह—**रागत इति।** तथोक्तिस्वारस्यादाह—**प्राणीति।** अन्यथा तिरश्चां विधिनिषेधाविषयत्वात् तत्र प्रवृत्तिर्न स्यादिति भावः। तदाह—**अत इति।** ह्यर्थोऽयम्। यौगिकव्यवच्छेदायाह—**विवाहेति।** तेषुव्यवायामिषमद्येषु। विवाहादिहेतुना विशेषेण शब्दतः अवस्थितिः प्रापणमिति शब्दार्थस्तदाह—**तेष्विति।** व्यवस्थानियम इति श्रीधरस्वाम्युक्तं खण्डयति—**रागत इति।** फलति। फलिततां सूचयति—आसु—तेषां सेवासु। नंन्वत्र पक्षे न तादृशोपदेश इति भाष्यविरोधोऽत आह—**भाष्येऽपीति।**

नन्वेव दोषश्रवणमनर्थक विधिवशादेवाकरणे प्रत्यवायलाभात्, अत आह—**ऋतुस्नातामिति।** एवं च — प्राप्तस्य पुनः प्रापणे नेतरनिवृत्तौ च। अत एव-विनिगमनाविरहेण सर्वत्र तात्पर्यदिव। क्रमेणाद्ये आह—**गृहस्थेति।** द्वितीये आह—**अविवाहितेति।** तृतीये आह—**ऋताविति।** चोक्तम्—उक्तञ्च। स्मृतिष्वित्यस्योभयत्रान्वयात्समुच्चयः। एतेन ऋतावित्यत्र नियम एव युक्तो न परिसख्येति न्यायविदां भारुचिविश्वरूपविज्ञानेश्वरादीनां चोक्तिः परास्तेति स्पष्टं मत्कृतमिताक्षराव्याख्यायां लक्ष्म्याख्यायाम्।

नन्वेवं मीमांसकोक्तशाब्दतल्लक्षणानाक्रान्तत्वात्कथमस्यास्तत्त्वमत आह—**तत्र चेति।** उभयलक्षणमिद न तस्या एवेति भावः। अत्र कैयटसम्मतिमप्याह—**इजादेरिति।** इतरनिवृत्तिफलकसाम्यादत्र शास्त्रे परिसंख्याया अपि नियमपदेन व्यवहारादाह—**नियमेति।** कैयटान्तरमाह—**यस्येति।** कैयट आहेत्यस्यानुषङ्गः। भाष्यसम्मतिमप्याह—**अनुपरेति।** तत्रततः। कर्त्रभिप्राये क्रियाफले-हि यत इति शेषः। द्वयोरभेदोक्त्या एवमेवासमभिव्याहारे तत्त्वमुपपाद्य तत्समभिव्याहारेऽपि प्रागुक्तभाष्यात् तथैवेत्याह—**एवकारोऽपीति। तदर्थेति।** ततः फलितान्तरनिवृत्तीत्यर्थः। एवव्यवच्छेद्यमेवाह—**न त्विति।** अपिस्तदभावसमुच्चये। नन्वेव

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

प्रागुक्तत्रिविधद्योतकत्वासम्भवात्कथं तथोक्तिरत आह—**तदिति। एवेत्यर्थः। मानत्वमिति।** द्योतकत्वमिति पाठः। तस्यार्थस्य, यतस्तथाऽत एव तद् द्योतकत्वमित्यर्थः। एवमन्यदप्यूह्यमित्यस्यैकं लक्ष्यमुक्तं द्वितीयमिदमिति भावः। नन्वेवं तदभावे तत्प्रतीतिर्न स्यादत आह—**एवेति।** अत एव स्फुटमिति तत्रोक्तम्।

नन्वेवं शाब्द्युच्छेदापत्तिरतः प्रागुक्तमेवाह—**शाब्देति।** अत्र बीजं प्रागुक्तमेवाह—**युष्मदीति।** नहि सूचितमिति पाठः। ननु परिसंख्यायां दोषत्रयमिति निर्विवादं तत्राद्यदोषौ पदनिष्ठौ अन्त्योऽर्थनिष्ठः। तच्च पदद्वयलक्षणावादिमत एव सम्भवति नात्रेतीदं पक्षद्वयमयुक्तमेवात आह—**पक्षद्वयेऽपीति।** नियमोदाहरणं प्रतिपादयन्नाह—**नन्विति। प्रतीतेरिति।** एवसमंभिव्याहारे ततस्तथैव बोधात्। आदिना-पादमर्दनादि। **स्वरसत इति।** स्वभावत एवेत्यर्थः। **क्लृप्तबाधेति।** बहुव्रीहिः। एवमग्रेऽपि। इदमेवाभिप्रेत्य न्यायविदादिभिस्तत्र नियम एवोक्त इति बोध्यम्। ननु अयं नखविदलनाद्यसम्भवेऽपूर्वविधिरेवास्तामिति कथं नियामकत्वमत आह—**क्लृप्तेति।** "व्रीहीनवहन्ति" इत्यादाविति शेषः। यद्यप्येतत्कृतलाघवेऽपि दोषत्रयकल्पनजगौरवमस्त्येव तथाऽप्यदृष्टानुरोधेन तत्र तथैवेति भावः। अत्र शास्त्रे तु तद्गौरवादेव विधिनियमसम्भवे विधिरेव ज्यायानिति सिद्धान्त इति तद्विरोध इति बोध्यम्। तदेतद् ध्वनयन्नाह—**अस्मादिति।** यथाक्रममाह—**प्रवृत्त्युपेति।** अत एव-इदमभिप्रेत्यैव। **समे इति।** "दर्शपूर्णमासाभ्यांम्" इति वाक्यविहितयागस्य देशं विना दुष्करत्वेनार्थादेशप्राप्तावपि समविषयमयोर्युगपद् दुर्ग्रहत्वादिदिति भावः। **प्रत्ययेति।** 'युष्मद्येव मध्यमः' इत्यादीत्यर्थः। **एतदिति।** एतेन विधिनियम इत्यस्याप्युक्तरीत्या गतिरुक्तप्रायेति बोध्यम्। उपसंहरन्नाह—**एवं चेति।** उक्तपक्षद्वयस्य युक्तत्वे चेत्यर्थः। एतच्छास्त्रीयपरिसंख्योदाहरणान्तरमाह—**पतिरिति।** आद्यपक्षेणाहं—**अवधारणेति।** द्वितीयपक्षेणाह—**पुनरिति।** अर्थतः प्राप्त्याशयेनेदम्। सामान्यप्रापकप्रमाणं यथायथं रागः शास्त्रं च। द्वितीये आह—**नान्यत्रेति।** अत एव वृद्धाः—नियमशास्त्राणा विधिमुखेन प्रवृत्तिः सामान्यशास्त्रसङ्कोचकता चेति। एतेन तेषां निषेधमुखेनापि प्रवृत्तिरिति प्राचोक्तमपास्तम्। पतिरित्यत्रैव विपरीतसङ्कोचवारणायापि सः। तस्य गतिस्तूक्तैव।

ननु पञ्चेत्यत्र शशादिषु श्वादिषु च भक्षणस्य पक्षेण यौगपद्येन च प्राप्तेर्नियमपरिसंख्ययोर्मध्ये आद्ये शशाद्यभक्षणे दोषप्रसङ्गाच्छ्वादिभक्षणे च दोषाप्रसङ्गेन प्रायश्चित्तस्मृतिविरोधाच्च, परिसंख्यायां च द्वितीयदोषाभावेऽपि आद्यदोषः सिद्धान्तमते तदवस्थ इति चेत्, न, नियमपक्षे तत्र तात्पर्यमिति तथा, अत्र तु न तत्र तात्पर्यमिति भेदात्।

अन्ययोगव्यवच्छेदाद्येवकारार्थ इत्यस्यापि स एवकारोपादानस्य स्फुटं फलमित्येवार्थ इति न कोऽपि दोष इति बोध्यम्। तदाह—**इत्यन्यत्रेति।** गुरुमञ्जूषादावित्यर्थः।।४५।।

।।इति श्रीबालम्भट्टकृतायां कलाटीकायां धात्वर्थनिपातार्थनिर्णयः।।

(स. टी.) मञ्जूषाकार श्री नागेश जी 'परे तु' से स्वसिद्धान्त का निरूपण करते हैं— 'इमामगृभ्णन्निति' इष्टका से निर्मित वेदी को चिति कहते हैं। उसके निर्माण के लिए गर्दभ से अथवा अश्व से इष्टकायें लायी जाती हैं, इस स्थिति में रशनामात्र

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

प्रकाशनसामर्थ्यरूप लिङ्ग से गर्दभरशना में भी मन्त्र प्राप्त हुआ। पुनः 'अश्वाभिधानीमादत्ते' इससे गर्दभरशना में प्राप्त मन्त्र निवृत्त हो गया। अतः शब्दान्तर से अप्राप्त होने से अपूर्वविधि के द्वारा अश्वरशना का ग्रहण किया जाता है। यह 'तत्र चान्यत्र च प्राप्तौ परिसंख्येति गीयते' के अनुसार परिसंख्या है। तन्त्रवार्तिक में भी कहा गया है कि यह अपूर्वविधि ही है, अतः मन्त्र निश्चित अर्थ का बोधक है। यहाँ गर्दभरशना की निवृत्ति इतरनिवृत्ति है, अतः फलतः (अर्थतः) यह परिसंख्या है। यहाँ अपूर्वविधि अश्वरशनाविधि है।

आलंकारिकों ने भी परिसंख्या के विषय में कहा है कि अन्य प्रमाण से प्राप्त पदार्थ का पुनः शब्द द्वारा जो प्रतिपादन किया जाता है, वह अन्य प्रयोजन के अभाव में अपने से तुल्य जो अन्य उसके व्यवच्छेद का बोध कराता है। यही इतरनिवृत्ति कहलाती है। व्याकरणशास्त्र में भाष्यकार इस परिसंख्या को नियमपद से कहते हैं। श्रीमद्भागवत में भी कहा गया है--

लोके व्यवायामिषमद्यसेवा नित्यास्तु जन्तोर्नहि तत्र चोदना।
व्यवस्थितिस्तेषु विवाहयज्ञसुराग्रहैरासु निवृत्तिरिष्टा।।

इस लोक में स्त्रीगमन, मांसभक्षण, मद्यपान में प्राणिमात्र की प्रवृत्ति नित्य अर्थात् राग से प्राप्त है, अतः इनमें विधिवाक्य का कुछ भी प्रयोजन नहीं है। इस पर शङ्का होती है कि 'ऋतौ भार्यामुपेयात्' ऋतुकाल में भार्या का उपगमन करना चाहिए, 'हुतशेषं भक्षयेत्' आहुति देने से शेष भाग (मांस) का भक्षण करना चाहिए, 'सौत्रामण्यां सुराग्रहान् गृह्णाति', 'सौत्रामणि याग में सुरापान करना चाहिए' इन विधियों का वैयर्थ्य हो जायगा, क्योंकि ये तो राग से ही प्राप्त हैं। यहाँ 'ऋतौ भार्याम्' के भार्यापद से विवाहसंस्कार द्वारा प्राप्त स्त्री का ग्रहण है। इस पर समाधान करते हैं कि विवाहादि हेतुओं से व्यवायामिषमद्य में विशेष रूप से अवस्थिति अर्थात् पुनः प्रापण, यह उक्त पद्य का अर्थ है। राग से नित्यप्राप्त होने से ये नियमविधि नहीं है, क्योंकि पाक्षिकी प्राप्ति होने पर नियमविधि मानी जाती है। यहाँ पर प्राप्त अर्थ का पुनः प्रापण अनर्थक हो जाता है। अतः 'अपूर्वविधिद्वारा अन्यनिवृत्तिः फलति' अपूर्वविधि के द्वारा अन्य निवृत्ति फलित होती है, इसी विषय को समझाते हैं--'आसु निवृत्तिरिष्टा' व्यवाय-आमिष-मद्य की सेवा में निवृत्ति ही में तात्पर्य है।

महाभाष्य में भी 'भक्ष्यनियम' में नियमशब्द का अर्थ है 'अभ्यनुज्ञा' अतः नियमशब्द वहाँ भी उक्तलक्षणाक्रान्त न होने से नियम विधिपरक न होकर अभ्यनुज्ञा (सम्मति) परक है, इसलिए विरोध नहीं है। 'ऋतुस्नातां तु यो भार्याम्' इस वचन से जो दोष का श्रवण है, वह मन में कामवासना रहते हुए द्वेष आदि से भार्या का अनुपंगम दोषावह है, इसमें तात्पर्य है।

इसलिए 'ऋतौ भार्याम्' इस वचन का अवधारणत्रितय में तात्पर्य है--वे तीनों अवधारण (एवकारार्थ) इस प्रकार हैं--'ऋतावेव भार्यामुपेयात्' 'ऋतुकाल में ही भार्या का उपगमन करना चाहिए', 'ऋतौ भार्यामेव उपेयात्' 'ऋतु में भार्या का ही उपगमन होना चाहिए',

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

'ऋतौ भार्यामुपेयादेव', 'ऋतु में भार्या का उपगमन करना ही चाहिए', इन तीनों में श्रुतिवाक्य का तात्पर्य है, अतएव गृहस्थ पुरुष ऋतुकाल से भिन्न काल में यदि भार्यागमन नहीं करता तो उसका ब्रह्मचर्य माना जाता है। अथ च अविवाहिता स्त्री के गमन में तथा ऋतुकाल में भार्यागमन के अभाव में स्मृतिग्रन्थों में प्रायश्चित्त का विधान किया गया है।

'तत्र चान्यत्र च प्राप्तौ परिसंख्येति गीयते', विधिवाक्यार्थ में जो उद्देश्य उसमें तथा उसके सदृश उससे अन्य में विधेय की प्राप्ति को परिसंख्या विधि कहते हैं, जैसे 'पञ्च पञ्चनखा भक्ष्याः' इस वचन से राग प्रमाण से पञ्चसंख्याक पञ्चनख का भक्षण प्राप्त है तथा उसी रागप्रमाण से पञ्चसंख्याक पञ्चनख से भिन्न जो पञ्चनख उनका भी भक्षण प्राप्त है, ऐसी स्थिति में इस वचन को परिसंख्या कहेंगे।

यह परिसंख्या शाब्दी तथा आर्थी भेद से द्विविध है।

'इजादेः सनुमः' सूत्र के भाष्य के व्याख्यानभूत प्रदीपटीका में श्री कैयटोपाध्याय ने भी परिसंख्या के उक्त लक्षण का समर्थन करते हुए कहा है कि 'नियमे प्राप्तबाधः', 'सिद्धस्य पुनरुपादानात्, अनुवाददोषश्च'। अर्थात् 'कृत्यचः' सूत्र से सिद्ध णत्व का इस सूत्र से पुनर्विधान होने से यह नियम विधि हो जायेगा, इस स्थिति में प्राप्त का बाध होगा, अर्थात् सनुम्क से णत्व हो तो इजादि से ही पर जो कृत् उसी के नकार को हो, अनुम्क से पर को न हो, इस प्रकार अनुम्क अंश में प्राप्त णत्व का बाध होगा, तथा अनुम्क में सिद्ध णत्व का पुनः प्रापण करने से अनुवाद दोष भी होगा, इसलिए विधि ही मानना चाहिए, क्योंकि विधि मानने में ये दोनों दोष नहीं होंगे, अतः 'विधिनियमसम्भवे विधिरेव ज्यायान्' विधि तथा नियम इन दोनों की युगपत्सम्भावना में विधि का ही पक्ष उचित है। यहाँ नियमपद परिसंख्यापरक है।

इतरन्निवृत्तिरूप फल दोनों में समान है, अतः सादृश्यमूलक लक्षणा से नियमपद का परिसंख्या में व्यवहार भाष्यकारादि ने किया है।

इसी प्रकार 'यस्य हलः' इस सूत्र में भी कैयटोपाध्याय ने नियम मानने में श्रुतार्थ के त्याग से अश्रुत अन्य निवृत्ति की सामर्थ्य के बल पर कल्पना तथा उक्तानुवाद दोष बतलाया है। तात्पर्य यह कि 'यस्य हलः' इस सूत्र में 'अतो लोपः' सूत्र से 'अतः' इस पद की अनुवृत्ति करने पर 'हल एव परस्य यस्यातो लोपः स्यादार्धधातुके' अर्थात् आर्धधातुक परे रहते यशब्दावयव अकार का लोप हो तो हलन्त तदादि से ही पर यशब्दावयव का, न कि अजन्ततदादि से पर। ऐसी दशा में अजादिधातु में यङ् प्रत्यय करके वाव्रज्य रूप होगा, पुनः लुट्लकार में 'वाव्रजिता' प्रयोग में अकार का लोप हुआ लूञ् छेदने से यङ् प्रत्यय करके लुट् लकार में 'लोलूयिता' प्रयोग बनता है, वहाँ लोप उक्त नियम से बाधित हो जायेगा, इष्ट है वहाँ भी अकार का लोप होवे, अतः उक्त सूत्र के नियमपक्ष में 'अतः' की अनुवृत्ति तथा एव शब्द के अध्याहार से

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

श्रुत अर्थ का त्याग, एवं अजन्त तदादि से पर यशब्दावयव अकार का लोप व्यावृत्त किया जायगा। इस प्रकार अश्रुत अन्यनिवृत्ति की आर्थिक कल्पना तथा 'अतो लोपः' से सिद्ध का अनुवाद ये सभी दोष नियम पक्ष में उपस्थित होंगे, विधिपक्ष में हलन्त, अजन्त रूप उभयपक्ष का संग्रह हो जायेगा, इसलिए विधि तथा नियम दोनों की संभावना में 'अपूर्वे विधिर्भविष्यति' अपूर्व में विधिपरा ही श्रेष्ठ है, इसमें उक्त तीनों दोषों की सम्भावना नहीं है।

यहाँ भी नियमशब्द परिसंख्यापरक है, उसमें फलतः अन्यनिवृत्ति दिखाई गयी है। 'अनुपराभ्यां कृञः' सूत्र के भाष्य में भी परिसंख्याविधि का यही स्वरूप दर्शाया है। 'स्वरितञितः कर्त्रभिप्राये क्रियाफले' इस पूर्वसूत्र से आत्मनेपद का विधान पुनर्विधान है, क्योंकि 'तिप्तस्झि' इसी सूत्र से आत्मनेपद भी सिद्ध ही है। अतः पुनर्विधान अन्य (परस्मैपद) की निवृत्ति (प्रतिषेध) में तात्पर्य ग्राहक है। इस स्थिति में 'अनुपराभ्याम्' सूत्र परस्मैपद का प्रतिप्रसव करता है। इस सूत्र से परस्मैपद के विधान (विधि) का ही आर्थिक फल परस्मैपद का प्रतिषेध है। यही आर्थिक परस्मैपद की प्रतिषेधरूप निवृत्ति परिसंख्याविधि का स्वरूप कहा गया है।

एवकार के विना ही यह स्वरूप बताया गया है, एवकार भी अपनी सत्ता में स्फुटरूप से अन्यनिवृत्ति का द्योतक ही है। न कि एवशब्द के समभिव्याहार में इतरनिवृत्ति का शाब्दबोध विषयत्व है। एव के समभिव्याहार में मन से इतरनिवृत्ति का बोध होना भी उसका द्योतकत्व माना जाता है। एवकार के असमभिव्याहार में भी अनुवाद (पुनर्विधान) के बल से ही इतरनिवृत्ति का लाभ हो जाता है, जैसा कि 'अनुपराभ्यां कृञः' में दिखाया गया है।

शाब्दी परिसंख्या का उदाहरण 'त्वन्मुखं त्वन्मुखेनैव तुल्यं नान्येन केनचित्' इस स्थल में 'नान्येन' शब्द से ही अन्यनिवृत्ति का बोध हो रहा है, अतः यहाँ शाब्दी परिसंख्या है। ऐसे ही 'किं भूषणं सुदृढं यशो न रत्नम्' इस स्थल में भी एवकार के विना भी 'न रत्नम्' से परिसंख्या परिलक्षित हो रही है।

प्रथम कल्प तथा परे तु कल्प में अथवा विधिमुखेन प्रवृत्ति, किं वा निषेधमुखेन प्रवृत्ति इन दोनों पक्षों में स्वार्थहानि, परार्थकल्पना तथा प्राप्तबाध ये तीन दोष उपस्थित होते हैं, क्योंकि यथाश्रुत प्रतीत होते हुए स्वार्थ में तात्पर्य का अभाव होता है, अतः स्वार्थ में तात्पर्य के अभाव से स्वार्थ का त्याग, अन्य अर्थ में तात्पर्य के स्वीकार से तात्पर्यमूलक परार्थकल्पना तथा प्राप्त का बाध - ये तीन दोष माने जाते हैं।

अब शङ्का होती है कि 'व्रीहीनवहन्ति' इत्यादि स्थल में पक्ष में प्राप्त अवघात के नियम में 'अवघात से ही व्रीहि का संस्कार करना चाहिए, नखविदलनादि से नहीं' ऐसी प्रतीति होने से दोषत्रय की प्राप्ति वहाँ भी हो जायगी, ऐसी दशा में परिसंख्या की अपेक्षा नियम में लघुत्व व्यवहार बाधित हो रहा है।

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

इसका समाधान करते हैं कि नियमविधि में स्वरसतः ही पक्ष में (अवघात पक्ष में) नखविदलन की अप्राप्ति होने से क्लृप्त (निश्चित) बाध की कल्पना मानी जायेगी। परिसंख्या में नहीं निर्णीत है बाध जिसका, ऐसा जो नित्य प्राप्त उसके बाध की कल्पना करनी पड़ती है, यही परिसंख्या का गुरुत्व है। जैसे समास ग्रहण की परिसंख्या में समासेतर में भी अर्थवत्सूत्र से प्रातिपदिक संज्ञा नित्य प्राप्त है, उसके बाध की कल्पना की जाती है।

नियमशास्त्र में निश्चित या विहित है प्राप्ति जिसकी (अवघात की) उसी की प्राप्ति का बोधन होता है। इस प्रकार अपूर्वविधि का भी लघुत्व है।

हमारे व्याकरणशास्त्र में आत्मनेपदविधायक शास्त्र तथा मध्यमपुरुषादिविधायक शास्त्र में धातुरूप प्रकृति का उपपदत्वविषयक नियमरूप है।

इन सूत्रों के विषय में प्रत्ययों की पाक्षिकी प्राप्ति होने से नियमविधि का स्वरूप सम्पन्न हुआ। अतएव 'युष्मदि' इस सूत्र में उपपद का नियम उपक्रान्त करके 'समे देशे यजेत' इसके समान पाक्षिक प्राप्ति में नियम-विधि का समर्थन किया गया। 'दर्शपूर्णमासाभ्याम्' इस वचन से विहित याग का देश के विना सम्भव न होने से अर्थतः देश की प्राप्ति होने पर भी सम-विषम देश का युगपद् ग्रहण दुष्कर होने से 'समे यजेत' इस वचन से विषम देश का बाध किया गया समदेश की प्राप्ति पाक्षिक है। यह श्रीकैयट का अभिमत है।

यदि कहा जाय कि 'युष्मदि......' सूत्र में पाक्षिक प्राप्ति से 'युष्मदि उपपदे एव मध्यमः' इत्याकारक प्रत्यय-नियम अनुपपन्न है, क्योंकि 'तिप्तस्झि' सूत्र से युष्मद् उपपद में अथवा अन्य उपपद में, दोनों मध्यम प्राप्त हैं, इसलिए परिसंख्या का स्वरूप होने से गुरुत्व आ गया, इस पर समाधान करते हैं कि इस गुरुत्व की अपेक्षा न करके इतर फल है कि नहीं, इतने मात्र से प्राप्त बाध होने से नियम तथा परिसंख्या में समानता मानकर भाष्य में विचार किया गया, ऐसा समझना चाहिए। इस प्रकार दोनों पक्षों की युक्तता में—'पञ्च पञ्चनखा भक्ष्याः' इत्यादि की तथा 'पतिः समास एव' इत्यादि की विधिमुख से ही प्रवृत्ति माननी चाहिए। अवधारण विषयत्व के बोध से अथवा पुनः प्राप्त रूप अनुवाद से सामान्य जो प्रापक प्रमाण (रागादि) उसमें नियमशास्त्रीय उद्देश्य, जो उद्देश्य सजातीय विषय वह अविषय हो जाता है। यही तदतिरिक्तविषयकत्वरूप संकोच है। अतएव सामान्यशास्त्रप्रयोज्य कार्य का अभाव आर्थ माना जाता है। उसी कार्याभाव की दृष्टि से नियमशास्त्र का निषेधत्व व्यवहार माना जाता है। तथा स्वोद्देश्यातिरिक्त में नियमशास्त्र की प्रवृत्ति न होवे, यह प्रतिनिर्देश भी सङ्गत हुआ।।४५।।

।। इस प्रकार आचार्य श्रीरामप्रसादत्रिपाठिकृत
सरला-टीका में धात्वर्थनिपातार्थनिर्णय
पूर्ण हुआ ।।

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji

CC.0 Digitized by Arya Samaj Foundation, Chennai and eGangotri

सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयः

श्रुतम् मे गोपाय

Vidya Niwas Mishra Collection, Varanasi. Courtesy. Dayanidhi Mishra ji